सत्यमेव जयते

**राजस्थान राजपत्र**
**विशेषांक**

**RAJASTHAN GAZETTE**
**Extraordinary**

**साधिकार प्रकाशित**

**Published by Authority**

भाद्र 27, गुरूवार, *शाके* 1947- सितम्बर 18, 2025
Bhadra 27, Thursday, Saka 1947- September 18, 2025

भाग 6 (क)

नगरपालिकाओं संबंधी विज्ञप्तियां आदि।

**स्वायत शासन विभाग, राज. जयपुर**

अधिसूचना

**जयपुर, सितम्बर 01, 2025**

**संख्या प.10(न.पा.)(गठन)( चुनाव)डीएलबी/25/16841:-**राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 3 एवं 10 तथा राजस्थान नगर पालिका (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 3 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला कलक्टर झुंझुनु द्वारा स्थानीय निकाय नगर पालिका सिंघाना हेतु वार्ड गठन के प्रारुप आदेश पर प्राप्त आपत्तियों के संबध में प्रस्ताव, अपने अभिमत सहित प्रेषित किये गये हैं। वार्ड गठन के प्रारुप आदेश पर आपत्तियों पर विचार करने के पश्चात राज्य सरकार उनके अभिमत से सहमत है तथा उनके द्वारा प्रस्तावित वार्ड गठन के प्रारुप आदेश को अनुमोदित करती है।

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित हैं ।

**राज्यपाल की आज्ञा से,**

जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर,
**निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव।**

**नगर पालिका सिंघाना का सीमा विवरण प्रपत्र-क वर्ष-2025**

| वार्ड सं0 | विवरण | जनसंख्या |
|---|---|---|
| 1 | खानपुर जाने वाले रास्ते सड़क पर राधेश्याम के मकान को छोड़ते हुये पश्चिम में ढाणी हुक्मा की सीमा तक यादराम हवलदार के मकान को छोड़ते हुये पश्चिम में महेन्द्र मास्टर तक व व वहां से उत्तर में यादराम मेघवाल को शामिल कर खानपुर की राजस्व सीमा तक व वहां से पूर्व दिशा में शेरसिंह व रामजीलाल को शामिल कर महराणा व मोई की सीमा को छोड़ते हुये वापस प्रारम्भिक बिन्दू तक। | 704 |
| 2 | सांवतराम के मकान से दक्षिण में सिंघाना - चिड़ावा सड़क को क्रोस कर कुठानिया सड़क तक व शेर सिंह व अमर सिंह मकानात को शामिल कर पुर्व में हनुमान मन्दिर को शामिल कर सीधे उत्तर दिशा में बांये हाथ की आबादी को शामिल कर उमेद राम सिंह को शामिल कर पिठौला की सीमा तक रोहिताश नाई को शामिल कर पश्चिम में बांये हाथ की आबादी को शामिल | 674 |

| | | |
|---|---|---|
| | कर पिठौला ग्राम की सीमा से होते हुये वापस प्रारम्भिक बिन्दु तक। | |
| 3 | पूर्व सरपंच के घर से पश्चिम में पिठौला ग्राम की सीमा पर चलते हुए बायें हाथ आबादी को शामिल कर रोहिताश नाई के मकान का छोड़कर दक्षिण में रास्ते - रास्ते हनुमान मन्दिर तक व मन्दिर को छोड़ते हुये पुर्व में माकड़ो व बनवास की सीमा के सहारे - सहारे निहाल सिंह व खातियों के मकानों को शामिल कर विनोद मीणा की दुकान तक व वहां से पावर हाउस को शामिल कर उत्तर दिशा में रास्ते - रास्ते बांये हाथ की आबादी को शामिल कर वापस प्रारम्भिक बिन्दू तक। | 697 |
| 4 | पूर्व सरपंच के घर को छोड़ते हुये देवीपुरा होते हुये दक्षिण में चिड़ावा सिंघाना रोड़ पर पहुंच कर पुर्व में पलकर मीडवे तक व वहां से उत्तर में बांये हाथ की आबादी को शामिल कर रास्ते - रास्ते मदन मीणा को शामिल कर नांगलिया रण सिंह के घर को शामिल कर वहां से पश्चिम में बांये हाथ की आबादी को शामिल कर वापस प्रारम्भिक बिन्दू तक। | 809 |
| 5 | होटल मीड वे व हरपाल के मकान से सिंघाना - चिड़ावा सड़क से पूर्व में किरण के मकान तक व वहां से औषधालय को शामिल उत्तर दिशा में बांये हाथ की आबादी को शामिल कर चिड़िया मीणा के घर को शामिल कर बाल भारती स्कूल को शामिल कर रास्ते - रास्ते नांगलिया रण सिंह तक व वहां से इस घर को छोड़कर दक्षिण में मदन मीणा को छोड़ते हुये बांये हाथ की आबादी को शामिल कर वापस प्रारम्भिक बिन्दू तक। | 863 |
| 6 | चिरंजी के मकान से बलवान, महेश अरड़ावतिया को शामिल कर सतीश के मकान तक एवं सुबेसिंह के मकान से सुभाश, बद्रीनारायण को शामिल करते हुए चिड़ावा-खरकड़ा रोड़ तक के समस्त परिवार। | 744 |
| 7 | चिरंजी के मकान से बलवान, महेश अरडावतिया को शामिल कर सतीश के मकान तक एवं सुबेसिंह के मकान से सुभाष , बद्रीनारायण को शामिल करते हुए चिड़ावा-खरकड़ा रोड तक के समस्त परिवार व मकानात होते हुए वापिस प्रारिम्भक बिन्दू तक। | 848 |
| 8 | दुलाराम मोहर सिंह के घर से उत्तर में खेतड़ी सड़क व चिड़ावा सड़क को क्रोस कर बांये हाथ की आबादी को शामिल कर कुमावतों की दुकान व विनोद मीणा की दुकान तक व वहां से दक्षिण - पश्चिम में रास्ते रास्ते बांये हाथ की आबादी को शामिल कर वन विभाग की जमीन तक व वहां से बांये मुड़ कर खेतड़ी सड़क पर मालाराम सैनी को शामिल कर उत्तर - पूर्व में रास्ते - रास्ते बांये हाथ की आबादी को शामिल कर वापस प्रारम्भिक बिन्दू तक। | 827 |
| 9 | पंचवटी कालोनी से प्रारम्भ करते हुए प्रभात कालोनी को शामिल करते हुए नदी और रेलवे ट्रेक के पास के समस्त परिवार को शामिल करते हुए महमदा वाले कुए तक | 850 |
| 10 | ढ़ाणी कचंनिया से प्रारम्भ करते हुए बीएसएनल ऑफिस, डाक बंगला को शामिल करते हुए मालियों की ढ़ाणी तक। | 724 |

| | | |
|---|---|---|
| 11 | भानावाला कुएं पर नागरमल के मकान से लेकर दक्षिण की ओर हनुमान/नेतराम के मकान के बाद पूर्व की ओर नदी मंदिर के पास से होते हुए बाग की सीमा के साथ-साथ ढ़ाणा-बाग रोड़ से मुख्य चैक ढ़ाणा तक एवं पश्चिम दिशा में बेरावाली ढ़ाणी से एक नम्बर टैंक से होते हुए नागरमल सैनी को शामिल करते हुए भानावाला कुएं तक। | 805 |
| 12 | नौरंग नाई के मकान से प्रारम्भ कर दक्षिण दिशा में किशन भास्कर के मकान से पूर्व दिशा में रतन डांगी के मकान को शामिल करते हुए उत्तर दिशा में विजेन्द्र मेचू को शामिल करते हुए राजू मेचू से उत्तर दिशा में अषोक डांगी को शामिल करते हुए राजू जांगिड़ को शामिल कर होशियार पूनियां के मकान को शामिल करते हुए जैन हलवाई के मकान को शामिल करते हुए पश्चिम दिशा में टिणा होलदार के मकान से दक्षिण दिशा में घनश्याम के मकान को शामिल कर पूर्व दिशा में कृष्ण नाई के मकान से दक्षिण दिशा में ओमप्रकाश प्रसादाराम के मकान को शामिल करते हुए नौरंग नाई के मकान तक। | 639 |
| 13 | पीपल चैक ढ़ाणा में पानी की टंकी जीण माता मंदिर से नेकीराम के मकान को शामिल करते हुए उत्तर दिशा में राजू कालोड़िया के मकान को शामिल करते हुए उम्मेद पूनियां के कुएं को शामिल कर हरिजन बस्ती की सीमा के साथ-साथ ईश्कपुरा रोड़ तिबारा से उत्तर दिशा में ढ़ाणी गुड़ियों को शामिल करते हुए बालानीर पहाड़ को शामिल कर चुन्नीलाल धानक के मकान से पूर्व दिशा में तालाब ईश्कपुरा सीमा के साथ-साथ चलकर दक्षिण दिशा में गौरीषंकर शर्मा, सहीराम डांगी के मकान को शामिल करते हुए दक्षिण दिशा में विशाल डांगी के मकान को शामिल करते हुए बाग की सीमा तक एवं बाग सीमा से पश्चिम दिशा में बड़ा कुआं की ढ़ाणी को शामिल कर रोहिताश/दुलाराम के मकान को शामिल करते हुए नत्थूराम के मकान को शामिल करते हुए पीपल चैक ढ़ाणा तक। | 801 |
| 14 | ढ़ाणा के मुख्य चैक से पश्चिम दिशा में सिंघाना मार्ग के बन्धावाला कुआं नेकीराम की दुकान को शामिल करते हुए ईश्कपुरा रोड़ ठाकुरजी के मंदिर के पास अम्बेडकर कालोनी (हरिजन बस्ती) के मकानात को शामिल करते हुए झेरिया कुआं की ढ़ाणी को शामिल करते हुए भाताराम के मकान को शामिल करते हुए घनश्याम के मकान से उत्तर दिशा में सुमेर, लीलाराम भावरिया के मकान को शामिल करते हुए दक्षिण दिशा में दाताराम, मोहरसिंह मेचू को शामिल करते हुए पश्चिम दिशा में ढ़ाणा-बाग रोड़ से ढ़ाणा के मुख्य चैक तक। | 728 |
| 15 | ढ़ाणा मुख्य चैक से उत्तर दिशा सिंघाना रोड़ पर कलाला की ढ़ाणी की तरफ गौरी शंकर के मकान के पास से ईश्कपुरा रोड़ पर तिबारा के पास जयराम के घर के पास से नेकीराम के घर के पास से होते हुए सरदाराराम व भोदन की सीमा के पास से सिंघाना-नारनौल मुख्य मार्ग तक एवं भगोता वाला कुएं को शामिल करते हुए नदी मार्ग से पश्चिम की ओर रा0मा0वि0 ढ़ाणा को शामिल | 731 |

| | | |
|---|---|---|
| | करते हुए नदी मार्ग से गीता पब्लिक स्कूल के पास से एक नम्बर टैंक वाली रोड़ से मुख्य चैक ढ़ाणा तक। | |
| 16 | नरनोल रोड से पश्चिम की ओर चलकर नीलम टेण्ट हाउस वाली गली में अनुष्का फ्लावर डेकोरेषन (जगदीष सैनी के मकान) को शामिल करते हुए उत्तर पश्चिम में चलते हुए बड़ा मोहल्ला चौक तक व वहॉ से उत्तर दिषा में राजेष कुमार के मकान छोडते हुए प्रवीण कुमार गोयल के मकान तक से पश्चिम में चलते हुए सुभाष नायक के मकान तक बायें हाथ की आबादी को शामिल करते हुए दक्षिण पश्चिम में चलते हुए नानुराम दर्जी के मकान को शामिल करते हुए चौक में शामिल कर पश्चिम में ईषु दुध एटीम तक वहॉ से दक्षिण में चलकर अनिल किराना स्टोर को शामिल कर पूर्वी ई-मित्र को शामिल कर नारनौल रोड़ पर विनायक हीरो होण्ड़ा सर्विस सेण्टर को शामिल कर दक्षिण में चलते हुए मोहन सैनी के मकान को शामिल करते हुए बाबूलाल सैनी की कृषि भूमि तक बायें हाथ की आबादी को शामिल कर वहॉ से पूर्व की तरफ ढ़ाणा सीमा के सहारे-सहारे नदी ट्रेक से उत्तर की तरफ सैनी भवन को शामिल कर नारनौल रोड़ पर पूर्व की तरफ प्रारम्भिक बिन्दू तक। | 847 |
| 17 | नारनौल सड़क पर कपिल धर्मकांटा से पूर्व दिशा में रामचन्द्र सैनी के मकान तक व वहा से दक्षिण में बनवास की सीमा के सहारे-सहारे राजेन्द्र सैनी कृषि भूमि व वहा से सीमा ग्राम ढ़ाणा से सहारे-सहारे पूर्व दिशा में बांये हाथ की आबादी को शामिल कर मुरारी सैनी की कृषि भूमि तक व वहा से उत्तर में सुभाश बगडिया , विनोद सैनी के मकानात को शामिल कर बांये हाथ की आबादी को शामिल कर वापस प्रारम्भिक बिन्दू तक। | 705 |
| 18 | सुन्दरलाल पूर्व विधायक के मकान से पश्चिम में चलते हुये बांये हाथ की आबादी को शामिल कर नन्दलाल धर्मशाला के पीछे से पुलिस थाना मार्ग से होते हुये केदार डाक्टर के घर तक व पूर्व दिशा में बांये हाथ की आबादी को शामिल कर कृष्णा मैरिज गार्डन के पीछे वाली गली से होते हुये नारनौल मुख्य मार्ग से जलदाय विभाग कोबस स्टैण्ड तक व वहां से जलदाय विभाग से बांये हाथ की आबादी को शामिल कर वापस प्रारम्भिक बिन्दू तक। | 766 |
| 19 | राज अस्पताल को छोड़ते हुए कृष्ण कपड़ा स्टोर को शामिल कर पुलिस स्टेशन सड़क पर विकास ईलेक्टोनिक्स लक्की मोबाईल श्याम आर्युवेदिक स्टोर राहुल किराणा स्टोर व पण्डित मसाला चक्की को शामिल कर पश्चिम में विक्की चैधरी के मकान को शामिल कर दक्षिण में कुम्हारों के मकान को शामिल कर राजघराना शोरूम तक चिड़ावा रोड पर आईसीआईसीआई बैंक व बांये हाथ की आबादी को शामिल कर सुभाष टेलर से दक्षिण में बांये हाथ की आबादी को शामिल कर हंसराज चारण के मकान तक व वहा से पूर्व में पंतजली स्वदेशी केन्द्र को शामिल कर दक्षिण में इन्दिरा कालोनी सड़क-सड़क बांये हाथ की आबादी को शामिल कर खाली प्लाट तक व वहा से पूर्व में बांये हाथ की आबादी को शामिल कर वापस प्रारम्भिक बिन्दू तक। | 860 |

| | | |
|---|---|---|
| 20 | दुर्गाप्रसाद की हवेली से बांये हाथ की आबादी को शामिल कर कोर्टवाले रास्ते से होते हुए पश्चिम दिशा में वेणिशंकर पंसारी के मकान के सामने से होते हुए बांये हाथ की आबादी को शामिल कर दक्षिण में चलकर जीवण महाजन को शामिल कर राधेश्याम शर्मा के घर तक व वहा से पूर्व दिशा में पशु चिकित्सालय को शामिल कर बलबीर जी के मकान से सामने से उत्तर दिशा की ओर दुर्गामीणा के घर को शामिल कर वापिस प्रारम्भिक बिन्दू तक। | 702 |
| 21 | नारनौल रोड़ पश्चिम की तरफ चलकर नीलम टेण्ट वाली गली से जगदीष सैनी की दुकान को छोड़कर उत्तर पष्चिम में चलकर बड़ा मोहल्ला चौक को छोड़ते हुए उत्तर की तरफ चलकर राजेष कुमार के मकान को शामिल कर प्रवीण कुमार गोयल के मकान तक वहॉ से पूर्व की तरफ चलकर पंकज शर्मा के मकान को शामिल करते हुए बजाज शोरूम को शामिल करते हुए महेन्द्र कुमार सैन के घर तक दायें हाथ की समस्त आबादी शामिल कर यहॉ से दक्षिण में नारनौल रोड़ पर चलते हुए चौराहे पर ढ़ाणा बस स्टेण्ड़ तक से दक्षिण पूर्व में चलकर ढ़ाणा सीमा व मंदिर तक व वहॉ से पश्चिम में ढ़ाणा सीमा के सहारे-सहारे नदी ट्रेक समस्त दायें हाथ की आबादी को शामिल कर वहॉ से उत्तर दिषा में चलकर सैनी ई मित्र व स्टाम्प वेंडर की दुकान को शामिल कर नारनौल रोड पर पूर्व में मुड़कर वापिस प्रारम्भिक बिन्दू तक। | 811 |
| 22 | नारनौल रोड़ पर नदी की पुलिया के कोने से सिघांना की तरफ बांये हाथ की आबादी को शामिल कर ढ़ाणा बस स्टेण्ड़ व वहा से वार्ड नं. 22 की सीमा के सहारे नदी तक व वहा से ग्राम ढ़ाणा की सीमा के सहारे सहारे बांये हाथ की आबादी को शामिल कर वापस प्रारम्भिक बिन्दू तक। | 648 |
| 23 | नारनौल रोड़ पर नारायण सदन को छोड़ते हुए दक्षिण में बांये हाथ की आबादी को शामिल कर बोदन सीमा तक व बोदन ग्राम की सीमा के सहारे सहारे उत्तर में बांये हाथ की आबादी को शामिल कर गुर्जरवास की सीमा तक व पश्चिम में गुर्जरवास की सीमा के सहारे सहारे बालाजी कृषि फार्म तक व वहा से दक्षिण में बांये हाथ की आबादी को शामिल कर वापस प्रारम्भिक बिन्दू तक। | 640 |
| 24 | दुलीचन्द की कृषि भूमि से मोहनलाल सैनी के मकान तक व वहा से रूड़ाराम सैनी के मकान को शामिल कर वार्ड नं. 23 की सीमा के सहारे सहारे कुन्दनलाल सैनी व बांये हाथ की आबादी को शामिल कर नारनौल सड़क पर पूर्व में नारायण सदन तक व वहा से उत्तर में बालाजी कृषि फार्म को छोडते हुए पश्चिम में गुर्जरवास की सीमा के सहारे-सहारे बांये हाथ की आबादी को शामिल कर वापस प्रारम्भिक बिन्दू तक। | 665 |
| 25 | बलुराम भाटी के मकान से पश्चिम- दक्षिण में बांये हाथ की आबादी को शामिल कर विकास ई- मित्र व अजय हीरो होण्ड़ा सर्विस सेण्टर को शामिल कर विजय के घर तक व वहा से पूर्व में नारनौल रोड़ होते हुए बांये हाथ की आबादी को शामिल कर राजू सैनी के मकान तक व वहा से उत्तर में बांये | 841 |

| | | |
|---|---|---|
| | हाथ की आबादी को शामिल कर रूडाराम सैनी से पश्चिम में बांये हाथ की आबादी को शामिल कर वापस प्रारम्भिक बिन्दू तक। | |
| 26 | पंचायत समिति सिघांना से पश्चिम में मिठाई की दुकान प्रकाश मीणा का मकान व स्टारकीड पब्लिक स्कुल बांये हाथ की आबादी को शामिल कर लालचन्द शर्मा के मकान को शामिल कर दक्षिण में मुड़कर जीवण राम अग्रवाल राजकुमार अग्रवाल दलीप सिंह बगड़ावत व बांये हाथ की आबादी को शामिल कर विनोद कुमार भारद्वाज व सुखीराम जेवरिया को शामिल कर पूर्व में वार्ड नं. 20 की सीमा के सहारे-सहारे उचित मूल्य की दूकान तक व वहा से उत्तर में बांये हाथ की आबादी को शामिल कर खण्ड़हर हवेली को शामिल कर वापस प्रारम्भिक बिन्दू तक। | 835 |
| 27 | खौला मोहल्ले में सज्जन महाजन के मकान से पूर्व दिशा में राधेश्याम नाई के मकान एवं बांये हाथ की आबादी को शामिल कर गिरवर जी, गोविन्द जी सारस्वत को शामिल कर वेदों की हवेली से होते हुए गजानन्द पंसारी के मकान से देवी जी के मन्दिर तक बांये हाथ की आबादी को शामिल कर पूर्व दिशा में कुंज गली में रामचन्द्र कुमावत के मकान के सामने से होते हुए जितेन्द्र शर्मा के मकान से हदवारी चैधरी के मकान व महावीर सरपंच के मकान बांये हाथ की आबादी को शामिल कर वापस प्रारम्भिक बिन्दू तक। | 840 |
| 28 | नितिन किराणा स्टोर के सामने से विकास शर्मा के मकान तक बांये हाथ की आबादी को शामिल कर व वहा से पश्चिम में रफीक के मकान को शामिल कर खातियों के मकान तक व वहा से दक्षिण में बांये हाथ की आबादी को शामिल कर विष्वम्भर दयाल के मकान से नागरमल की दुकान तक व वहा से बांये हाथ की आबादी को शामिल कर दक्षिण में पंसारी की दुकान वहा से पूर्व में विनीत गारमेन्ट को शामिल कर उत्तर में सिद्धी विनायक क्रियेशन से सरकारी अस्पताल तक व वहा से पूर्व में सावंरमल बजाज की दुकान से उत्तर में बांये हाथ की आबादी को शामिल कर गोदाम व बणियों की हवेली तक व वहा से राजेश चैधरी के मकान वेणीषंकर बणिया के मकान को शामिल कर वैधनाथ की दुकान को शामिल कर रास्ते-रास्ते उत्तर में व पश्चिम में घुमकर बांये हाथ की आबादी को शामिल कर वापिस प्रारम्भिक बिन्दू तक। | 686 |
| 29 | हरिराम मेघवाल के घर से होते हुए बांये हाथ की आबादी को शामिल कर पहाड़ के सहारे-सहारे होते हुए वाल्मिकी मोहल्ला, खातियों का मोहल्ला, कुम्हारों का मोहल्ला आदि को शामिल करते हुए वेदों ही हवेली से कैलाश शर्मा के मकान को शामिल कर अशोक सैनी व मोहन सिकलीगर, दानचन्द मेघवाल, महिपाल कुमावत, रतन कुम्हार, राकेश मीणा, मालीराम मीणा को शामिल कर खातियों वाले मोहल्ले की सड़क से बांये हाथ की आबादी को शामिल कर वापस प्रारम्भिक बिन्दू तक। | 749 |
| 30 | दुर्गाप्रसाद की हवेली के सामने से पूर्व दिशा में बजाज एजेन्सी तक बांये हाथ की आबादी को शामिल कर वहा से उत्तर दिशा की ओर बुहाना रोड होते हुए | 724 |

| | | |
|---|---|---|
| | तम्बाकु वाली धर्मशाला व टीटोडा वाली स्कुल के सामने से व उच्च माध्यमिक विद्यालय के सामने लुहार बस्ती व बांये हाथ की आबादी को शामिल कर शीतला माता मन्दिर टोडी मोहल्ला को शामिल कर नाईयों के मोहल्ले से पंचवीरों वाली गली एवं पुराने कोर्ट के रास्ते बांये हाथ की आबादी को शामिल कर वापिस प्रारम्भिक बिन्दु तक। | |
| 31 | गुर्जरवास बस स्टेण्ड से राजकीय उच्च प्राथमिक विधालय को छोड़ते हुए सीधे भोदन की सीमा पर पहुॅचकर दक्षिण में भोदन की सीमा के सहारे-सहारे उईला जोहड़ तक व वहॉ से पूर्व में बुहाना सड़क पर आकर मालाराम सैनी को शामिल कर पीठोला सीमा तक पीठोला सीमा के सहारे-सहारे उत्तर में बायें हाथ की सीमा की आबादी को शामिल कर बाईपास रोड़ पर पष्चिम में वापिस सिघांना बुहाना रोड पर आकर उत्तर में बायें हाथ की आबादी को शामिल कर वापिस प्रारम्भिक बिन्दू तक। | 713 |
| 32 | रामस्वरूप के घर से पश्चिम में ग्राम की सीमा के सहारे-सहारे बुहाना सिघांना मैन सड़क तक दक्षिण में बाईपास तिराहे पर आके बाईपास से उत्तर-पूर्व में गैस एजेन्सी को शामिल कर बाईपास को छोड़कर उत्तर में रास्ते- रास्ते चलते हुए बाए हाथ की समस्त आबादी को शामिल कर वापिस प्रारिम्भक बिन्दू तक। | 710 |
| 33 | स्वामियों के घर से पश्चिम में ग्राम की सीमा के सहारे सहारे प्रभु शर्मा के घर को शामिल कर दक्षिण में मालाराम गुर्जर को शामिल कर ग्राम की सीमा के सहारे सहारे पूर्व में बस स्टैंड जाने वाले सीधे रास्ते पर पूर्व में चलकर बांये हाथ की आबादी को शामिल कर उच्च प्राथमिक विद्यालय को शामिल कर उत्तर में सिंघाना बुहाना सड़क चलते हुए बांये हाथ की आबादी को शामिल कर वापस प्रारम्भिक बिंदु तक | 728 |
| 34 | राधेश्याम /लादूराम के घर से पूर्व दिशा में गुर्जरवास सीमा तक भोलाराम जांगिड़ के घर तक व दक्षिण में चल कर पहाड़ के सहारे - सहारे सुरेश यादव को शामिल कर तुलाराम के घर तक व तुलाराम के घर के पास से प्रारम्भ होते हुए मोई जानी वाली गली से पूर्व में सिघांना जाने वाले रास्ते से सुभाश खाती के मकान से यादराम हवलदार को शामिल कर दांये हाथ की आबादी को शामिल कर कंब्रिज स्कूल तक व वहां से वापस प्रारम्भिक बिन्दू तक। | 672 |
| 35 | तुलाराम कुमावत को छोड़ते हुये सिंघाना की सीमा के सहारे चिड़ावा रोड़ पोस्ट ऑफिस व सुभाष कुमावत के मकान को शामिल कर बड़बर वालों की दुकान को शामिल कर उत्तर में दांये हाथ की आबादी को शामिल कर पुराना बाजार से पूर्व में मस्जिद तक की समस्त आबादी को शामिल कर वापस प्रारम्भिक बिन्दू तक। | 700 |

---

**राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।**